हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 16 फरवरी 2026

तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 महाशिवरात्रि पर विधायक ललित ने विभिन्न शिवालयों ...



11 ठेठवार यादव समाज की बैठक में वार्षिक ...





## खबर संक्षेप

### कार डिवाइडर से टकराई, तीन घायल

**बालोद।** नगर में स्कूटी को बचाने के प्रयास में कार डिवाईडर से टकरा गई जिसके बाद आस पास मौजूद लोगो ने कार में बैठे तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। मिली जानकारी के अनुसार नगर के सरदार पटेल मैदान के पास मार्ग में बने डिवाईडर पर स्कूटी को बचाने के प्रयास में कार टकरा गई। जिसके बाद कार में बैठे तीन लोगो को आस पास के राहगिरो ने सुरक्षित बाहर निकाला तथा उन्हे तुरंत ईलाज के लिए जिला अस्पताल पहुचाया। जहां तीनो कार सवार का ईलाज जारी है।

### टाउनशिप में 17 को जलापूर्ति रहेगी प्रभावित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के अंतर्गत कार्यरत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी अनुभाग के अनुसार सेक्टर-4 में निर्माणाधीन नए उच्चस्तरीय जलागार ओवरहेड टैंक के लिए मुख्य राइजिंग पाइप लाइन से इंटरकनेक्शन का कार्य किया जाएगा। इसके चलते सेक्टर-4 के संपूर्ण क्षेत्र में 17 फरवरी तथा सेक्टर-2 के संपूर्ण क्षेत्र में 18 फरवरी को जलप्रदाय व्यवस्था प्रभावित रहने की संभावना है। यह कार्य 17 फरवरी को सुबह 100 बजे से प्रारंभ किया जाएगा।

### मकान से जेवरात पार करने वाला धरा गया

**भिलाई।** मकान में रखे सोना चांदी के जेवरात मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य एवं साइबर सेल की सहायता से संदेही ग्राम जालबांधा निवासी रोजेश्वर बंजारे को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने नगदी 7 हजार और जेवरात, मोबाइल फोन, बाइक जब्त किया है। घटना चौकी लिटिया सेमरिया का है।

### मकान से चोरी करने वाला पकड़ाया



**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले को पुलिस ने पकड़ा है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि प्रमे नगर कैम्प 1 निवासी सीमा वासनिक परिवार समेत अपने गांव 20 दिसंबर को गई हुई थी। मकान से सोना चांदी के जेवरात व नगदी 15 हजार रुपए पार कर दिया। आसपास खोजबीन करने के बाद जानकारी नहीं मिलने पर शिकायत पुलिस से किया गया। मुखबिर की सूचना पर इंदिरा गांधी कॉलेज के पास संदेही युवक सुंदर नगर गुरूद्वारा के पास, कैम्प-1 भिलाई निवासी जे. पवन उर्फ ब्रुसली को पकड़ा गया। आरोपी के पास से पुलिस ने सोना चांदी के जेवरात 85 हजार रुपए का सामान बरामद किया है।







पर्व : महिलाओं की कलश यात्रा बना आकर्षण का केंद्र, सुबह से देर रात तक चलता रही पूजा-अर्चना और जलाभिषेक

# शिव भक्ति की बयार के बीच निकाली महादेव की भव्य बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में शिवरात्रि के अवसर पर भक्तो की भीड़ भगवान शिव की पूजा अर्चना करने के लिए सुबह से रात तक मंदिरो में पहुंचती रही,



शिव के भक्त भगवान शिव का पूजा अर्चना करते दिखे। इस दौरान जिले के शिव मंदिरो में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय में शिव जी का बारात निकाली गई। शिवरात्रि को लेकर मंदिर देवालयों में देर रात से ही भजन किर्तन प्रारंभ हो गया था। सुबह होते ही श्रद्वालु मंदिरो में पूजा अर्चना के लिए पहुंचते दिखे मंदिर समितियो द्वारा पूजा अर्चना करने पहुंचने वाले श्रद्वालुओ को पूजा अर्चना के लिए दिक्कतो का सामना ना करना पड़े।

इसके लिए विभिन्न तैयारियां भी की गई थी। जहां कई ग्रामों में स्थित प्रसिद्व शिव मंदिरो में मेले का आयोजन भी किया गया था और पहुंचने वाले श्रद्वालुओ के लिए मानस प्रतियोगिता के साथ अन्य कार्यक्रमो का आयोजन किया गया था। वही जिला मुख्यालय में शाम को शिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव की बारात निकाली गई, जिसमें डीजे व धुमाल की भक्ति धुन पर श्रद्वालु थिरकते दिखे। जहां शिव जी की बारात के दौरान महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर कलश यात्रा निकालते दिखी व शोभायात्रा के दौरान भगवान शिव व पार्वती की वेशभूशा में रथ में बैठाकर नगर भ्रमण कराया गया। जहां भगवान शिव जी की झांकी प्रतिमा सुशोभित हो रही थी तथा राह से गुजर रहे प्रत्येक राहगिर इसे अपने कैमरे में कैंद करते नजर आया।

## दल्लीराजहरा में महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया





**दल्लीराजहरा।** दल्लीराजहरा नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में महाशिवरात्रि पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में मनाया गया। नगर के प्रमुख शिव मंदिरों सहित क्षेत्र के सभी छोटे-बड़े शिवालयों में प्रातः ब्रह्ममुहूर्त से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। हर ओर "हर-हर महादेव" और "बम-बम भोले" के जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन-पूजन हेतु दूर-दराज क्षेत्रों से भी पहुंचे। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिवलिंगों का गंगाजल, दूध, दही, शहद, बेलपत्र, धतूरा, भांग, चंदन व पुष्पों से विधिवत अभिषेक किया गया। विभिन्न मंदिरों में रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप, लघुरुद्र पाठ, और विशेष शिव पूजन



का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर भगवान शिव की आराधना की और परिवार, समाज व राष्ट्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

### धार्मिक अनुष्ठान और पंडितों का वैदिक मंत्रोच्चार

इस पावन पर्व पर क्षेत्र के विद्वान पंडितों व आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिविधान से पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। मंत्रों की गूंज से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। पंडितों ने महाशिवरात्रि के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्व आत्मशुद्धि, संयम, तप, साधना और भक्ति का प्रतीक है तथा भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने का सर्वोत्तम अवसर है।

### कलश यात्रा निकाली गई

सामाजिक समरसता और श्रद्धा का अद्भुत संगम महाशिवरात्रि पर्व केवल धार्मिक आस्था का ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और समरसता का भी प्रतीक बनकर उभरा। हर वर्ग, हर आयु के लोग भगवान शिव की भक्ति में एक साथ दिखाई दिए। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी श्रद्धालु भक्ति, सेवा और साधना के मार्ग पर एकजुट नजर

### शिव विवाह की कथा और जागरण कार्यक्रम

कई मंदिरों में शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। रात्रिकालीन भजन-कीर्तन, जागरण, और भक्ति संगीत कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे। ढोल, मंजीरे, शंखनाद और भजनों से संपूर्ण नगर आध्यात्मिक चेतना से सराबोर हो उठा। दल्लीराजहरा नगर के गुप्ता चौंक,जैन भवन चौक,शिव मंदिर,, रेलवे दुर्गा मंदिर सहित जगह-जगह भंडारा और सेवा कार्य। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर नगर व क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं को प्रसाद और भोजन वितरित किया गया। सेवा भाव से युवाओं, सामाजिक संगठनों एवं मंदिर समितियों द्वारा जल, फल, दूध, चाय आदि की व्यवस्था की गई। सेवा कार्यों ने पर्व की आध्यात्मिक गरिमा को और अधिक दिव्यता प्रदान की।

### शिवभक्ति से शिवमय हुआ पूरा क्षेत्र

दल्लीराजहरा नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर्व एक आध्यात्मिक उत्सव के रूप में मनाया गया। शिव भक्ति, साधना, सेवा और समर्पण का यह पावन पर्व जन-जन के हृदय में श्रद्धा, विश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता नजर आया। संपूर्ण वातावरण शिवमय हो गया और क्षेत्रवासियों ने भक्ति, शांति और उल्लास के साथ महाशिवरात्रि का पर्व मनाकर इसे एक ऐतिहासिक और स्मरणीय धार्मिक आयोजन बना दिया।

# आदिवासी गोंड़वाना सेवा समिति के वार्षिक अधिवेशन में संगीता सिन्हा, पूर्व विधायक भैयाराम रहे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के विधायक संगीता सिन्हा, पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा

- महाशिवरात्रि पर 24 गांवों के समाजजन हुए एकत्र, मां कंकालीन मंदिर प्रांगण में हुआ आयोजन

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कंकालीन के मां कंकालीन मंदिर प्रांगण में महाशिवरात्रि के पूर्व संध्या पर आयोजित आदिवासी गोंडवाना सेवा समिति क्षेत्र कंकालीन द्वारा आयोजित वार्षिक अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

विधायक ने सर्वप्रथम आदिशक्ति बूढ़ादेव एवं मां



कंकालीन की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि आदिवासी गोड़ समाज की प्राचीन परम्परा आज भी अजर अमर है, आदिवासी संस्कृति की हमारे देश में अलग पहचान है, आदिवासी समाज से अनेक महापुरुषों ने स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति दी है, समाज आज शिक्षा, राजनीति, धार्मिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। विधायक ने कहा कि मां कंकालीन के प्रांगण 24 गांव के आदिवासी गोड़ समाज के लोग वृहद रूप से वार्षिक अधिवेशन का आयोजन कर रहे अधिवेशन के माध्यम से ही समाज में एकता के भाव का संचार होता है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रेमलाल कुंजाम, परिक्षेत्र अध्यक्ष भागीरथी कोर्राम, सचिव पीआर ठाकुर, नानक ऊईके, तहसील उपाध्यक्ष एचके कुंजाम, जनपद सदस्य अजीत कुंजाम, सुरेश कुरेटी, उमेद सलाम, बल्ला कुंजाम, सीताराम सोरी, संतराम नागवंशी, सुंदर नागवंशी, दसरू टेकाम, रामाधीन धुरव, मनीराम सेवता, साधुराम कुरेटी, दरबार कोवाची, प्रभु लाल कोमरा, गेंद लाल कुरेटी, उषा नेताम, किशन बाई सलाम उपस्थित थे।

# सुअर चोरी के चार आरोपी गिरफ्तार बोलेरो और मोबाइल किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

थाना डौंडीलोहारा पुलिस ने सुअर चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

- न्यायिक रिमांड पर भेजे गए जेल

आरोपियों के कब्जे से चोरी में प्रयुक्त बोलेरो वाहन क्रमांक सी जी 07 सी एल 7274, पीले रंग की प्लास्टिक रस्सी के फंदे तथा सुअर बिक्री की रकम से खरीदा गया 32 हजार रुपये का मोबाइल जब्त किया गया है। प्रार्थी गामा नेताम (22 वर्ष), निवासी अंबेडकर पारा डौंडीलोहारा की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया





था। उन्होंने बताया कि 22-23 दिसंबर 2025 की रात बाजार चौक क्षेत्र से उनके 14-15 सुअर अज्ञात लोगों द्वारा चोरी कर लिए गए। आसपास की दुकानों के सीसीटीवी फुटेज में एक सफेद बोलेरो वाहन में सुअरों को भरते हुए देखा गया, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की। विवेचना के दौरान वाहन मालिक पंकज देशमुख से पूछताछ में घटना का खुलासा हुआ। आरोपियों ने रात के समय रस्सी और जाली से फंदा बनाकर सुअरों को पकड़कर बोलेरो में भरा और बाद में दुर्ग क्षेत्र ले जाकर बिक्री कर दी। पुलिस ने कुलेश्वर नेताम, अजय देवराज, पंकज देशमुख और अरुण नेताम को गिरफ्तार किया है। दो अन्य आरोपी फरार बताए गए हैं, जिनकी तलाश जारी है। कार्रवाई में पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर व एसडीओपी बोनी फॉस एक्का के निर्देशन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश सिंह के नेतृत्व में की गई।

मातृ-पितृ दिवस समारोह, संस्कार में सम्मान और संस्कृति का अनुपम संगम

# नया बाजार सेजस में मातृ-पितृ दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नया बाजार (सेजस) में मातृ-पितृ दिवस का भव्य, सुव्यवस्थित और अत्यंत गरिमामय आयोजन भावनात्मक वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कक्षा 1 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के साथ उनके माता-पिता, समस्त शिक्षकगण एवं विद्यालय प्रबंधन की सहभागिता रही।

पूरा विद्यालय परिसर श्रद्धा, सम्मान और आत्मीय भावनाओं से ओतप्रोत नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्रोच्चारण एवं विधिवत पूजन-विधि से हुआ। विद्यार्थियों ने अपने घरों से थाली में दीप, पुष्प, गुलाल, चंदन, माला एवं गुलदस्ते लाकर माता-पिता एवं शिक्षकों की आरती उतारी। यह दृश्य अत्यंत भावुक और प्रेरणादायी रहा, जिसने उपस्थित सभी लोगों को भावविभोर कर





दिया। बच्चों द्वारा अपने माता-पिता के प्रति प्रदर्शित श्रद्धा, कृतज्ञता और सम्मान ने भारतीय संस्कारों की जीवंत झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने "माता वंदना" गीत की सुमधुर प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्ति और भावनाओं से भर दिया। बच्चों ने अपने माता-पिता को मुंह मीठा कराकर आशीर्वाद प्राप्त किया, वहीं पालकों ने भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए स्नेहिल आशीष प्रदान किया।इस अवसर पर शुभकामना संदेश एवं ग्रीटिंग कार्ड निर्माण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अत्यंत सुंदर, रचनात्मक और भावपूर्ण कार्ड बनाकर अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण कर आयोजन को गरिमामय पूर्णता प्रदान की गई। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकगणों ने मातृ-पितृ दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माता-पिता जीवन के प्रथम गुरु होते हैं, जिनके संस्कारों से ही व्यक्ति का चरित्र, व्यक्तित्व और भविष्य निर्मित होता है। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित अनुशासन, संस्कार एवं भावनात्मक समझ की सराहना की। गीत-संगीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और भावनात्मक सहभागिता से सुसज्जित यह आयोजन विद्यालय में पारिवारिक वातावरण, सामाजिक मूल्यों और भारतीय परंपरा की सुंदर अभिव्यक्ति बनकर उभरा। अंत में विद्यार्थियों ने इस प्रेरणादायी आयोजन के लिए संपूर्ण विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया तथा शिक्षकों द्वारा उपस्थित पालकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की गई।

इस प्रकार सेजेस नया बाजार में मातृ-पितृ दिवस समारोह न केवल एक कार्यक्रम रहा, बल्कि संस्कार, संस्कृति, सम्मान और संवेदनाओं का सशक्त संदेश देने वाला एक प्रेरणादायी आयोजन बनकर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# रेल पटरी पर युवक के शव मिलने से सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



रेल से कटकर एक युवक की जान चली गई। जिसकी जानकारी मिलते ही देर रात पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार रानीतराई गांव के पास से गुजरे रेल्वे लाईन पर देर रात 11 से 12 बजे के बीच सफर कर रहे लोगों ने अचानक रेल पटरियों के बीच शव देखा, जिसके बाद इसकी जानकारी यात्रियों द्वारा रेल्वे विभाग हो दिया गया, जहां रेल्वे विभाग ने इसकी जानकारी पुलिस को दी, जहां पुलिस के पहुंचने के बाद पुलिस ने उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामा तैयार करने के बाद शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घटना रानीतराई व भैंसबोड़ स्टेशन के बीच की बताई जा रही है। वही युवक के पहचान के लिए पुलिस अन्य माध्यमो का सहारा ले रही है। वही युवक ने आत्महत्या किया है या युवक किसी घटना का शिकार हुआ है। यह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

## खबर संक्षेप

### स्केटिंग नेशनल गेम्स में बच्चों ने जीते कई मेडल्स



**भिलाई।** पुणे में आयोजित एंडूरियस स्केटिंग नेशनल गेम्स में छत्तीसगढ़ के 22 बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन बच्चों ने अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ को पूरे नेशनल गेम्स में तीसरा स्थान दिलाया। भिलाई से कई बच्चे इस प्रतियोगिता में शामिल हुए और उन्होंने कई मेडल्स जीते। अंडर-6 में सिया ने 1 ब्रॉन्ज, अबीर माखीजा ने 2 गोल्ड, अंडर-9 में अगस्त्य कुटेल ने 2 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल जीता। अंडर-14 में आकाश ने 2 ब्रॉन्ज और 1 गोल्ड मेडल, देवांश विश्वकर्मा ने 2 ब्रॉन्ज और 1 सिल्वर मेडल, खुशी चानपुरियी ने 1गोल्ड 1 ब्रॉन्ज और 1 सिल्वर मेडल, और वाहिनीत कोर ने 2 ब्रॉन्ज मेडल जीते। इन बच्चों का चयन जून माह में मालदीव्स में आयोजित इंटरनेशनल गेम्स के लिए हुआ है।

### कॉन्ट्रेक्टर कॉलोनी में निकलेगी भोलेबाबा की बारात

**भिलाई।** जय महाकाल सेवा समिति द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर तीन दिवसीय आयोजन 15 फरवरी से कांट्रेक्टर कॉलोनी वार्ड 18 में किया गया है। इस दौरान रविवार को भगवान शिव की रुद्राभिषेक के साथ ही, भोलेबाबा की बारात और सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे। अध्यक्ष हरिओम चौहान ने बताया कि 15 फरवरी को सुबह 8 बजे से पूजा प्रारंभ होगी। शाम 5 बजे मण्डपाच्छादन व तेल हरिद्रालेपन तथा शाम 6 बजे संगीत संध्या का आयोजन किया गया है। 16 फरवरी को शाम 5 बजे बारात प्रस्थान, रात्रि 9 बजे बारात स्वागत बिदाई समारोह आयोजित है।

### बैडमिंटन टीम के लिए चयन स्पर्धा 17 व 18 को

**भिलाई।** बोकारो स्टील प्लांट द्वारा 26 से 28 फरवरी तक एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में भाग लेने के लिए बीएसपी की टीम के चयन हेतु क्रीड़ा, सांस्कृतिक और नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा 17 और 18 फरवरी को शाम 6 बजे से भिलाई क्लब, सिविक सेंटर में चयन स्पर्धा आयोजित की जाएगी। बीएसपी के नियमित पुरुष कार्मिक, जोचयन स्पर्धा में भाग लेना चाहते हैं, वे 16 फरवरी तक अपना नाम चयन कर्ताओं के पास दर्ज करा सकते हैं। चयनकर्ता के रूप में उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक तथा प्रवीण उपाध्याय नामांकन स्वीकार करेंगे।

## आयोजन : केंद्रीय बजट 2026 की योजनाओं पर किसानों से हुई चर्चा

# लाटाबोड़ में भाजपा किसान मोर्चा का बजट संवाद कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र देशमुख के नेतृत्व में जिला संगठन अंतर्गत जुंगेरा मंडल के ग्राम लाटाबोड़ में प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन के मुख्य अतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों से केंद्रीय बजट 2026 में जो जनहित कार्य समायोजन बजट में लाया गया उस पर संवाद एवं परिचर्चा की गई।

■ प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन मुख्य अतिथि के रूप में रहे उपस्थित

कार्यक्रम मे प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में समाज के हर तबके के नागरिकों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, उन्होंने कहा विपक्षी पाटएँ के लोग सिर्फ हल्ला करना जानते हैं, उन लोगों को समाज के नागरिकों के उत्थान से कोई लेना देना नहीं है, भारतीय जानता पाटएँ समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के आर्थिक विकास की ओर ध्यान रखते हुए विभिन्न योजनाएं ला रही है ताकि हर व्यक्ति आर्थिक रूप से मजबूत बन सके।

उन्होंने बताया कि वीबी जीरामजी योजना के अंतर्गत गांव में समस्त प्रकार के निर्माण कार्य इस योजना के तहत किया जाएगा, अब गांव में सड़क, नाली, सिंचाई की सुविधा, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी भवन, सामुदायिक शौचालय, स्वच्छ जल आदि सभी कार्य इस योजना के तहत होगा,





अब गाँव के लोग ही तय करेंगे की कौन सा कार्य पहले किया जाना है, इसकी प्राथमिकता तय करेंगे, पहले 1द्दद्द दिन का रोजगार मिलता था अब 125 दिनों तक रोजगार मिलेगा।

प्रदेश प्रवक्ता किसान मोर्चा रविंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र बजट 2026 में कृषि क्षेत्र और किसानों के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। बजट में कृषि की उत्पादकता बढ़ाने, उच्च मूल्य वाली फसलों को बढ़ावा देने, मत्स्य पालन और पशुपालन जैसे संबद्ध क्षेत्रें में रोजगार सृजन पर जोर दिया गया है।कृषि क्षेत्र के लिए 1.62 लाख करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया गया है, जो पिछले साल से करीब 7 प्रतिशत अधिक है, वित्त मंत्री ने किसानों की आय बढ़ाने, छोटे–मझोले किसानों को विशेष ध्यान देने और ग्रामीण रोजगार को मजबूत करने की बात कही है। केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) ऋण सीमा में वृद्धि, केसीसी के तहत सब्सिडी वाले अल्पकालिक ऋण की सीमा 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दी गई है। जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा एकीकृत विकास मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए 500 जलाशयों और अमृत सरोवरों का एकीकृत विकास किया जाएगा। स्टार्टअप, महिला समूहों तथा फिश फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशंस के माध्यम से बाजार से जुड़ाव बढ़ेगा, इससे मछुआरों की आय बढ़ेगी और समुद्री मत्स्य पालन को प्रोत्साहन मिलेगा।

प्रदेश सह संयोजक वीबी जीरामजी योगेश्वानन्द योगी ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026–27 में किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को आधुनिक बनाने और आत्मनिर्भरता पर जोर दिया गया है। मुख्य घोषणाओं में भारत–विस्तार, टूल, काजू–कोकोआ के लिए विशेष कार्यक्रम, उर्वरक सब्सिडी, और बागवानी (अखरोट, बादाम) के लिए उच्च घनत्व वाली खेती को बढ़ावा देना। किसानों को सालाना 6,000 रुपये की पीएम–किसान सम्मान निधि योजना जारी रहेगी। इस दौरान सैकड़ों किसानों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किए, शामिल होने वाले नागरिकों को प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने भाजपा गमछा पहनाकर स्वागत किया।

स्वागत भाषण एवं कार्यक्रम समायोजन जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा सुरेन्द्र देशमुख, भाजपा मंडल अध्यक्ष जूँगेरा आभार अरुण साहू एवं कार्यक्रम का संचालन पुष्पेन्द्र तिवारी ने किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री राकेश यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, छगन देशमुख, प्रेम साहू, जनपद अध्यक्ष सरस्वती टेम रिया, अरुण साहू, धर्मेंद्र साहू, धरम साहू, दानेश्वर मिश्रा, संतोष गंगबेर, तेज मनडावी, भगवती उइके, लिखन साहू, दुर्जन साहू, सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विद्यालय खरथुली में हुई विदाई समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खरथुली में बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती मा भारती के तेल चित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर छात्र छात्रओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि केशव किशोर देशमुख एवं सरपंच हरखराम खरे, उपसरपंच गोपेन्द्र पिस्दा ने छात्र, छात्रओ को उच्च अंक प्राप्त करने हेतु मार्गदर्शन दिए, प्राचार्य घनाराम देशमुख ने कहा आपके पास आन्तरिक शक्ति है और उसी कर्म रूपी शक्ति को मज़बूत करने का समय आ गया है, सभी बच्चे उसी आंतरिक शक्तियों के सहारे आगामी परीक्षा में सफलता हासिल करें, कृष्णाराम भुआर्य, दिलेन्द्र साहू, कीर्तन राम देवांगन ने सभी बच्चों को इस अवसर पर आशीर्वाद दिए।

कार्यक्रम में बालोद एसडीओपी रीडर केएल सोनकर एवं एकेडमिक टीम ने 12वी के बच्चों को कैरियर मार्गदर्शन दिए। प्राचार्य ज साकरा मुन्नालाल गौतम, प्राचार्य बड़गांव जितेंद्र कुमार उइके ने छात्र, छात्रओ को कहा आज का आपका निर्णय केवल वर्तमान को नहीं, आने वाले आपकी परीक्षा में सफलता की दिशा को भी तय करेगा।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में ज साकरा विद्यालय के खिलेश्वर कुमार गंगासागर, विवेक कुमार धुर्वे, टीआर ठाकुर, ईश्वर लाल लेंडिया, ग्राम पटेल रामदयाल बनजारे, कीर्तन रामदेवांगन, दिलेन्द्र साहू, भागवत चतुर्वेदी, गजेंद्रपुरी गोस्वामी, राजेश साहू, होरीलाल पटेल, डामेंद्र साहू, खेमलाल ठाकुर, हरीश रावटे, लालेश्वर ठाकुर, सौरभ कुमार, रेखा देशमुख, सरोज ठाकुर, यसोदा नायक, इंदु वर्मा, मनोहर सिन्हा, भोज भुआर्य, नीता उवर्सा का कक्षा 11 वी के छात्र छात्रओ ने श्रीफल गमक्षा भेट कर सम्मान किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ मानसिंह तारम ने छात्र छात्रओ को कड़ी मेहनत कर परीक्षा में सफलता हेतु प्रेरित किए। कार्यक्रम का संचालन गजेंद्रपुरी गोस्वामी ने एवं आभार सरोज ठाकुर ने जताया।

# पेरपार में तीन दिनी मानस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

आदर्श एकता नवयुवक मानस प्रचार समिति पेरपार द्वारा तीन दिवसीय मानस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसके दीप प्रज्वलन एवं शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू थी। अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत पेरपार मिथलेश साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि सदस्य जिला पंचायत बालोद, कृशि विभाग सभापति तेजराम साहू, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर दुर्गानंद साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर हेमंत साहू, पंथ राम सिन्हा विशेष अतिथि उपसरपंच ग्राम पंचायत पेरपार देवराय पटेल, चिन्ताराम पटेल, हलधर सिंह राजपूत, चिंताराम धुरव, अध्यक्ष शीतला माता सेवा समिति पेरपार हीरा सिंह राजपूत, अध्यक्ष ग्राम पटेल समाज पेरवार दीपक कुमार पटेल, ग्रामीण पटेल समाज युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष हुकुमचंद पटेल, ग्राम पटेल गरीबा राम साहू, जीवधन पाटिल, उमेंद राम साहू, बेनीराम साहू, मनीशा साहू, परमानंद पटेल, तामे"वर साहू, रूपराम पटेल, उपाध्यक्ष तहसील साहू समाज गुरूर दुष्यंत कुमार साहू, कृष्ण कुमार साहू, लेखराम मंडावी, पन्ना लाल पटेल, दयानंद मंडावी उपस्थित थे।

■ नपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संजय साहू रहीं मुख्य अतिथि



समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक संगीता सिन्हा थी। अध्यक्षता अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर किशोर साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर तामेश्वर साहू, सरपंच ग्राम पंचायत पेरपार मिथलेश साहू, जितेन्द्र यादव, जोन मंडल पुरूर अध्यक्ष हेमप्रकाश साहू, गिरधारी देवांगन, सेक्टर अध्यक्ष कौशल साहू, मनीश देवांगन, सरस्वती घिरपाल देवांगन, रिखी राम साहू, संजूलता हीरासिंग राजपूत, उपसरपंच ग्राम पंचायत पेरपार देवराज पटेल, त्रिभुवन लाल साहू, कृष्ण कुमार गेडाम, नरेन्द्र कुमार साहू, चन्द्रप्रकाश सिंह राजपूत, यंगेश्वर साहू, हेमंत साहू, पुष्पदेव मंडावी, दिलीप नागेश, नरेन्द्र कुमार सर्वे, सुरेन्द्र कुमार सर्वे, तिलोक पटेल, युकेश कुमार धुरव, खिलानंद पटेल, लक्ष्मण साहू, गिरधारी लाल पटेल, जगत राम पटेल उपस्थित थे।

# टटेंगा में 35 छात्राओं को सायकिल वितरित की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा



विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा 9वीं की पात्र छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। वर्ष 2026 में कुल 35 छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, शिक्षकगण, पालक एवं विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत सभापति एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष टुमन साहू ने छात्राओं को साइकिल सौंपते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह योजना बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। साइकिल मिलने से दूर-दराज के गांवों से आने वाली छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी, जिससे उनकी पढ़ाई नियमित रूप से जारी रह सकेगी। विद्यालय के प्राचार्य आर.के. देवांगन ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन मिलेगा और विद्यालय छोड़ने की प्रवृत्ति में कमी आएगी। सरस्वती साइकिल योजना प्रभारी हर्षा देवांगन ने बताया कि इस वर्ष कुल 35 साइकिलों का वितरण किया गया। साइकिल प्राप्त कर छात्राओं के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास स्पष्ट झलक रहा था। कार्यक्रम में चंद्रमणि वासनिक, टी.एल. देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देवनाथ, पवन सिन्हा, हेपशिबा एंथोनी, अजय पाठक, भागवत साहू, रीना बोरकर, वेद साहू, महेश राउटे, रवि देवांगन, बिंदु साहू, बिंदु पटेल, सी. सोनबोइर, अनुराधा खरे, सुरेंद्र नेताम, कुंदन यादव सहित अन्य शिक्षकगण, पालक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पुलवामा अटैक की सातवीं बरसी पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**डौंडीलोहारा।** नगर के पुराना बस स्टैंड स्थित अटल चौक में 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में शहीद हुए वीर जवानों की सातवीं बरसी पर राष्ट्रगान (जन गण मन) समिति डौंडी लोहारा द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, तत्पश्चात उपस्थित नागरिकों ने वीर शहीदों को नमन किया।

सभा को संबोधित करते हुए जसराज शर्मा ने कहा कि वीर शहीदों की कुर्बानी सदैव स्मरणीय रहेगी और उनका बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाएगा। विश्व हिंदू परिषद जिला बालोद के अध्यक्ष बलराम गुप्ता ने कहा कि देश की सुरक्षा वीर जवानों के साहस और समर्पण पर आधारित है। पूर्व पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य देवेंद्र जायसवाल ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राष्ट्र उनकी वीरता का सदैव ऋणी रहेगा। कार्यक्रम का संचालन एवं संपादन राज्यपाल पुरस्कृत डॉ. बी.एल. साहसी ने किया। राष्ट्रगान समिति के सदस्य प्यारेलाल निषाद ने आभार प्रदर्शन करते हुए उपस्थित सभी नागरिकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ. साहसी द्वारा दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर देवेंद्र जायसवाल, जसराज शर्मा, धर्मेंद्र निषाद, बलराम गुप्ता, जयलाल मालेकर (जनपद सदस्य), संदीप जैन, धीरज जैन, गैंदमल भंसाली, सुरेश देवांगन, महावीर तातेड़, डॉ. बी.एल. साहसी, पलाश गुप्ता बलदाऊ, शिवेंद्र बहादुर, विनोद यादव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मुंदेरा में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/कलंगपुर



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुंदेरा में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। जिसमे नव उपाध्यक्ष कौशल्या ठाकुर ने चुने जाने पर सबको धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी प्रकार विधायक प्रतिनिधि गिरेंद्र यादव ने कैसे शिक्षा गुणवत्ता को और अधिक अच्छा बनाया जा सकता है इस पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

जिसमें अध्यक्ष पद पुनः देवनारायण साहू, उपाध्यक्ष कौशिल्या ठाकुर, शिक्षाविद एमएल गौतम, विधायक प्रतिनिधि गिरेंद्र यादव, स्था. प्राधि. केसरी यादव, पालक सदस्य के रूप में चित्रलेखा साहू, तोकेश्वरी साहू, मोहनी साहू, सुलेखा साहू, नागेश्वरी साहू, कौशल कुमार साहू, सोनू राम साहू, फागूराम साहू, जागेश्वर सेन, शेखर साहू, सचिव प्रधान पाठक माध्यमिक रेखा उइके, कोषाध्यक्ष प्रधान पाठक प्राथमिक भीखम सिंह धनकर इस अवसर पर पुनः अध्यक्ष पद प्राप्त होने पर देवनारायण साहू ने सभी का आभार व्यक्त किया एवं निरंतर स्कूल की प्रगति एवं शिक्षा की गुणवत्ता उच्च बनाने हेतु योगदान की अपील किया। संस्था प्रमुख शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक रेखा उइके ने नवनिर्वाचित शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों को बधाई के साथ ही शाला प्रबंधन समिति के पूर्व सदस्यों एवं उपस्थित अन्य ग्रामीण जनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष तामेश्वरी साहू, भानुप्रिया सेन, पूर्णिमा यादव, चिन्तेश्वरी साहू, पद्मिनी यादव, विशाखा साहू, डेमिन साहू, देवबती ठाकुर सहित अन्य ग्रामीण जन एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

■ देवनारायण साहू पुनः अध्यक्ष, कौशल्या ठाकुर बनीं उपाध्यक्ष

# ग्राम देवरी(द) में तीन दिनी कबीर सत्संग समारोह संत धर्मेंद्र साहेब ने दिए जीवन मूल्यों के संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अर्जुन्दा

ग्राम देवरी(द) में तीन दिवसीय कबीर सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें द्वितीय दिवस कबीर सत्संग कार्यक्रम में प्रायगराज से पहुंचे संत धर्मेंद्र साहेब ने सत्संग में कबीर साहेब की जीवन पर विचार रखते हुए बताया कि हमें अपने जीवन में हमेशा अच्छा विचार रखना चाहिए।

उन्होने कहा अच्छा विचार रखने पर हम एक–दूसरे से अच्छा बात कर सकते हैं, अच्छा बात करने के लिए न अमीरी लगती है और न हीं गरीबी, बिना खर्च के हम अपने बात रख सकते हैं, हमारे विचार से ही हमारा व्यक्तित्व और पहचान बनती है, इसी के आधार पर हमारा समाज में नाम और कद्र बनता है, हमें अपने गांव समाज देश के प्रति एक अच्छे विचार और कर्तव्यवान नागरिक बनना भी आवश्यक है। जब–तक हम अपने कर्तव्य को समझकर अच्छे काम करेंगे तब हमारा परिवार हमारा देश अच्छा बनेगा। अगर हम यही सोचेंगे कि



मेरे एक अकेले से क्या होगा या मेरा काम नहीं ये सोचकर छोड़ देते हैं, जिस काम को हम छोड़ते हुए उसी कार्य को हमारे जैसे इंसान ही करता है, कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता है, जिस कार्य को भी करें उन्हें पूर्ण जिम्मेदारी के साथ करें, निश्चित रूप से हमे उस कार्य पर सफलता प्राप्त होगी।

उन्होने कहा जब हम स्वयं संस्कारवान होंगे, हम समाज के सेवा करते हैं तो निश्चित रूप से अपने बच्चों को भी हमारे अच्छे कार्यों और विचारों पर फोकस करते हुए संस्कारवान बना सकते हैं, हमारा योगदान हमारे कार्य के आधार पर हमारे कार्यों को देखकर हमारे बच्चे भी हमारे जैसे सिखता है, हम कितनों बड़ा अधिकारी क्यों न बन जाए हमे अपने मां बाप के द्वारा सिखाए संस्कार को नहीं भुलना चाहिए। यहीं हमारे जीवन में काम आता है। आज किसान गरीब हो रहा है।

उन्होने कहा आज समाज में नशाखोरी बढ़ता जा रहा है, लेकिन नशा हमारे जीवन के लिए कोई आवश्यकता नहीं है, फिर भी हम उस गलत रास्ते में जाकर फंसते जा रहे हैं, शराब, बीड़ी सिगरेट हमारे के लिए कोई आवश्यकता नहीं है, लेकिन हम उनका सेवन कर उनके जाल में फंस जाते हैं और उसे बनाने वाले व्यक्ति को अमीर बनाते हैं।

सत्संग कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सत्संग समिति द्वारा सत्संग में पहुंचे श्रोताओं के लिए भोजन में सभी श्रोताओं के लिए स्टील थाली गिलास की व्यवस्था किया गया है, ताकि भोजन के बाद कचरा न फेले, कार्यक्रम में संत मंडली व गांव के ग्रामीणों के साथ दुर दराजों से कबीर सत्संग प्रेमी पहुंच कर कबीर सत्संग की लाभ ले रहे हैं। आज अंतिम दिवस का कार्यक्रम संपन्न होगा।

# खाड़ा और आलबरस चार बच्चों को कुत्ते और बंदर ने काटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ निकुम

ग्राम खाड़ा में लावारिस कुत्ते के आतंक से ग्रामीण दहशत में हैं।

■ निकुम अस्पताल में घायल बच्चों का किया जा रहा है उपचार



शुक्रवार और शनिवार को लगातार कुत्ते ने मासूम बच्चों पर हमला कर दिया, गली में जा रहे बच्चों जिसमें निधि देशमुख (4वर्ष), पीला राम यादव (5वर्ष), रुद्रांश देशमुख (6वर्ष), कुमकुम (13वर्ष) को कुत्ते ने काट लिया। वहीं आलबरस में दिनेश कुमार (13वर्ष) को बंदर ने काट लिया। आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकुम में भर्ती कराया गया। एंटी रैबीज का इंजेक्शन लगाकर बच्चों को दवा दी गई। इधर ग्राम तिरगा में खाना बनाते समय कुकर फटने से 25 वर्षीय नम्रता देशमुख झुलस गई। उसे निकुम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खाड़ा के अभिषेक देशमुख ने बताया मेरे बेटे सहित कई बच्चों को कुत्ते ने काटा है, जिसके कारण बच्चे व ग्रामीण परेशान हैं।



## खबर संक्षेप

### नशे का सिरप और कैप्सूल बेचने वाले को पुलिस ने पकड़ा



**भिलाई।** नशे का सिरप और कैप्सुल बेचने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दो युवक अवैध रूप से नशीले सिरप एवं कैप्सूल बेच रहे थे। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर पुलिस नेगांधी नगर भिलाई तीन इफ्तेखार खान और सेक्टर-2 मोहम्मद अब्बास रजा नाम बताया है। पं. दीनदयाल मिनी स्टेडियम शौचालय के पास आरोपी खड़े थे। आरोपियों के पास से 17 प्लास्टिक शीशी नशीले सिरप, 13 स्ट्रीप नशीले कैप्सूल, नगदी 9,500, चार पहिया वाहन सीजी 07 सीएच 9614 बरामद किया गया है। सामानों की कीमत 5 लाख रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में थाना प्रभारी आनंद शुक्ला समेत टीम का योगदान रहा है।

### पालकों की शिकायत के बाद सहायक शिक्षक को नोटिस

**निकुम।** ग्राम खाड़ा स्कूल के सहायक शिक्षक देवेश कुमार देशमुख को ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने नोटिस जारी किया है। उनके विरुद्ध संकुल समन्वयक और पालकों ने शिकायत की थी। शिकायत में कहा गया था कि शिक्षक लापरवाही और गैर जिम्मेदाराना तरीके से स्कूल में पहुंचते हैं। बच्चों के साथ अनुचित व्यवहार करते हैं। प्रतिदिन शराब सेवन कर स्कूल आते हैं। इस आधार पर सहायक शिक्षक को नोटिस जारी किया गया है। उनसे दो दिन के भीतर जवाब मांगा गया है। जारी नोटिस में कहा गया है कि उनका यह कृत्य सिविल सेवा आचरण संहिता 1965 के नियम 23 नियम 7 के प्रतिकूल है। जवाब संतोषजनक नहीं होने पर क्यों न अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

**जयंती : समाज की एकता और परंपराओं के संरक्षण पर दिया जोर**

# कसही में धूमधाम से मनाई बड़ादेव की जयंती और ध्वजारोहण भी किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

ग्राम पंचायत कसही एवं गोड़वाना समाज के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बड़ादेव जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ बाजे-गाजे और जय सेवा बुढ़ादेव के जयघोष के साथ हुआ। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य डोमेन्द्र राजपूत के करकमलों से सप्तरंगी ध्वजारोहण किया गया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य डोमेन्द्र राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि बड़ादेव को शंकर भगवान के नाम से भी जाना जाता है। बड़ा का अर्थ महान और 'देव' का अर्थ ईश्वर होता है। उन्होंने समाज की एकता और परंपराओं के संरक्षण पर बल दिया।

■ महाशिवरात्रि का धार्मिक महत्व बताया गया

उपसरपंच नरेंद्र साहू ने महाशिवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह तथा बारह ज्योतिर्लिंगों की उत्पत्ति से जुड़ा हुआ है, जिसे समाज प्राचीन काल से श्रद्धापूर्वक मनाता आ रहा है। डॉ. धर्मेंद्र साहू ने कहा कि भगवान शिव की आराधना एवं शिवलिंग पर जलाभिषेक करने से मोक्ष की मार्ग खुलता है तथा जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति मिल सकता है। कार्यक्रम में आत्माराम खरे , ढेलूराम गुरुपंच, रोहित चंदनमलागर, दहिबल मंडावी, गंभीर मंडावी, फिरंगू पडौटी, दुर्जन मंडावी, बनिहारिन मंडावी, ललिता कुंजाम, माधुरी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मंच संचालन कोमल मंडावी ने किया। कार्यक्रम में ग्रामवासियों की सक्रिय भागीदारी रही।



### लिमोरा के चौसठ योगिनी मंदिर परिसर में 9 फीट ऊंची हनुमान प्रतिमा स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

महाशिवरात्रि के एक दिन पहले शनिवार को निर्माणाधीन मोक्ष धाम सेवा संस्थान ग्राम लिमोरा के चौसठ योगिनी मंदिर परिसर में राजस्थान से लाए नौ फीट की उंची हनुमान जी की प्रतिमा का पुजा अर्चना कर स्थापित किया गया। जहां नाडी वैद्य गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख के परिजन व आसपास के राम भक्त व सैकड़ो ग्रामीण जन मौजुद रहे।

नाड़ी वैद्य गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख ने बताया कि यह हनुमान जी की प्रतिमा राजस्थान से लिमोरा लाकर स्थापित किया गया है, जहां विशेष कारीगर द्वारा प्रतिमा को मूर्त रूप दिया गया है। यह हनुमान जी की प्रतिमा संगमरमर पत्थर से बनाया गया है। गुरुदेव ने बताया कि पुरे भारत देश मे यह तीसरी व प्रदेश मे पहली चौसठ योगिनी मंदिर है जहां कोई दान पेटी नही रहेगा, भक्तजन यहां आकर पुजा अर्चना कर अपनी हर मनोकामना पूर्ण कर सकते है। इस मंदिर मे चौसठ प्रकार के देवी

विराजमान होगे, इसलिए हमने क्षेत्र के चौसठ गांव को चिन्हांकित कर भिक्षादान मांग रहे है, जहां जहां भिक्षादान देगा उस गांव के नाम से चौसठ योगिनी स्थापित होगी। साथ ही इस चौसठ योगिनी मंदिर मे दर्शन के लिए आने वाले सभी श्रदालुगण के लिए रोजाना निशुल्क मोक्ष धाम सेवा द्वारा भोजन प्रसादी रहेगा।

# ठेठवार यादव समाज की बैठक में वार्षिक अधिवेशन हुआ

**बालोद।** गंजपारा स्थित ठेठवार भवन में बालोद राज ठेठवार यादव समाज की बैठक संपन्न हुआ। सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए महासचिव एलेंद्र यादव ने चर्चा के प्रमुख बिंदुओं को प्रस्तुत किया। जिसमें सर्वसम्मति से कई निर्णय लिए गए।

लिए गए निर्णय अनुसार आगामी 15 मार्च रविवार को बालोद राज के वार्षिक अधिवेशन का आयोजन बालोद के गंजपारा स्थित ठेठवार भवन में किया। समाज के अध्यक्ष ताम्रध्वज यादव ने समस्त सदस्यों, पदाधिकारियों एवं मातृ शक्तियों से वार्षिक अधिवेशन मे उपस्थित होने कहा है। कार्यक्रम की सफलता हेतु व्यवस्था समिति एवं क्रय समिति का गठन किया गया है। वार्षिक सदस्यता शुल्क की राशि पूर्व की भांति 120



रुपए है, जिसे अपने ग्राम प्रमुख के पास 1 मार्च तक जमा करना अनिवार्य है। ग्राम प्रमुखों से राशि एकत्रित कर समस्त मंडल अध्यक्ष आगामी 8 मार्च को बालोद के सामाजिक भवन में कोषाध्यक्ष हेमंत यादव के पास जमा करेंगे। वार्षिक अधिवेशन में समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों तथा समाचार पत्रों के



सहयोगी पत्रकारों का सम्मान किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया है कि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई के लिए मदद की जाएगी। सहायता हेतु पात्र विद्यार्थियों के चयन के लिए शिक्षा समिति का गठन किया गया है। कार्यक्रम के अंत में समाज के पदाधिकारियों हिम्मत लाल यादव, हृदय राम यादव, ओम कल्याण यादव के निधन पर श्रद्धांजलि दी गई। यह जानकारी मीडिया प्रभारी बलदेव यादव ने दिया। इनकी रही उपस्थिति बैठक में छगनलाल यादव, पवन यादव, जयप्रकाश यादव, सचिन यादव, रूद्रेश यादव, शिव भजन यादव, राजेंद्र, अरुण, चंद्रेश, जगदीश यादव, महिपाल, अशोक, रामस्वरूप, जनक यादव, रामलाल, बंसी राम, महेश, उमेश, रेखराम, संचित, कौशल, दिलबर, रामसजीवन उपस्थित थे।

### महाशिवरात्रि पर शिव मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**गुण्डरदेही।** महाशिवरात्रि पर्व पर ग्राम किलेपार के तालाब पार में विराजमान शिव मंदिर में सुवह से शिव भक्तजनो का तांता लगा रहा, जहां भगवान शिव को जलाभिषेक कर विधि विधान से पुजा अर्चना व हवन किया गया व भंडारे का आयोजन किया गया।



## खबर संक्षेप



### मिर्रीटोला पुरुर में भाजपा की 'विकसित भारत जी रामजी' पर कार्यशाला

**गुरूर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल मिर्रीटोला पुरुर का वीबी जी राम जी मंडल कार्यशाला सुपन्न हुआ। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश एवं जिला नेतृत्व द्वारा विकसित भारत जी रामजी मंडल कार्यशाला मंडल अधिनस्थ ग्राम भेजा मैदानी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष गुरूर दुर्गानंद साहू, मंडल अध्यक्ष टुकेशवर पाण्डेय, भाजयुमो प्रदेश छग आदित्य सिंह पीपरे, सभापति जिला पंचायत तेज राम साहू, महामंत्री राकेश सिन्हा, यदीप गोल्डी साहू, त्रिलोकी राम साहू, प्रहलाद साहू, महेत्तर नेताम, होमशंकर साहू, रेणुका गजेन्द्र, संजय साहू, सभापति जनपद पंचायत हेमन्त साहू, संतोषी साहू, रूद्राणी नेताम, मीना साहू, धर्मेन्द्र साहू, दुष्यंत कुमार साहू, तुला राम साहू, कमल देव साहू, रवि साहू, यालेश साहू, बिसेसर निषाद सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### हिरेंद्र गायकवाड बने भाजपा युवा मोर्चा डौंडीलोहारा मंडल अध्यक्ष

**डौंडीलोहारा।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें हिरेंद्र



गायकवाड़ को पुनः युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी संगठन द्वारा पुनर्नियुक्ति किए जाने पर हिरेंद्र गायकवाड ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह दायित्व दिया है, उसे वे पूरी निष्ठा और जवाबदेही के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए युवा मोर्चा सक्रिय भूमिका निभाएगा। हिरेंद्र गायकवाड की नियुक्ति से युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। क्षेत्र के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए संगठन को मजबूत बनाने की अपेक्षा जताई है। बधाई देने वालों में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेंद्र जायसवाल, प्रदेश अनुसूचित जनजाति मोर्चा महामंत्री देवेंद्र माहला, भाजपा जिला उपाध्यक्ष टिनेश्वर बघेल, भाजपा मंडल डौंडीलोहारा अध्यक्ष कुसुम शर्मा, महामंत्री सुमेंद्र देशमुख, दुष्यंत गिरी गोस्वामी, मंडल उपाध्यक्ष संदीप जैन, लता गुप्ता, एकलव्य महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष जसराज शर्मा, रेंगाडबरी मंडल अध्यक्ष उत्तर घरेंद्र, मंडल महामंत्री जगतपाल सिन्हा, बालोद शहर अध्यक्ष अमित चोपड़ा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय, मीडिया प्रभारी प्रीतम साहू सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

### गारका से युवक लापता, रिपोर्ट दर्ज

**डौंडीलोहारा।** ग्राम गारका निवासी तोष कुमार जोशी (38 वर्ष), पिता सुरेंद्र जोशी, बीते 30-



31 जनवरी की दरमियानी रात घर से बिना बताए कहीं चले गए हैं। परिजनों के अनुसार वह अचानक घर से निकल गए, जिसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल सका है। परिवार द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद भी जब उनका सुराग नहीं मिला तो मामले की सूचना थाना संजारी में दे दी गई है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**पर्व :** शिव गौरी की उपासना और शक्ति संवर्धन का महापर्व है महाशिवरात्रि: विधायक ललित चंद्राकर

# महाशिवरात्रि पर विधायक ललित ने विभिन्न शिवालयों में की पूजा अर्चना, प्रदेश की खुशहाली की कामना





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने अपने क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोहलाई ,नगपुरा चंगोरी,भरदा, मंचान्दूर, बोरीगारका, अंडा, कुथरेल,धनोरा, दमोदा, बोरई,में आज महा शिवरात्रि के पावन पर्व पर विभिन्न शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना और रूद्राभिषेक किया और आशीर्वाद प्राप्त कर प्रदेश में सुख, शांति एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की। उन्होंने विधि-विधान पूर्वक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की। साथ आयोजित भंडारे में महाप्रसादी वितरण किया और प्रसाद ग्रहण किया । इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने बताया कि महाशिवरात्रि भारतीयों का एक प्रमुख त्यौहार है। यह भगवान शिव का प्रमुख पर्व है। पौराणिक कथाओं के अनुसार माघ फागुन फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाता है। माना जाता है कि सृष्टि का प्रारम्भ इसी दिन से हुआ था। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस दिन सृष्टि का आरम्भ अग्निलिंग (जो महादेव का विशालकाय स्वरूप है) के उदय से हुआ। इसी दिन भगवान शिव का विवाह देवी पार्वती के साथ हुआ था। महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव व पत्नी पार्वती की पूजा होती हैंऔर मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती हैं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर रिसाली मंडल जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन जिला मंत्री गिरेश साहू, मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख शीतला ठाकुर, महामंत्री प्रवीण यदु चंदू देवांगन सोसायटी अध्यक्ष फलेंद्र राजपुत ,सुखदेव देवांगन, सरपंच गिरेश्वर देशमुख, भुवन लाल देशमुख, हीरामन देशमुख सुनील भारदिय दिलीप साहू देवनाथ देशमुख नोमेश्वर पिपरिया राजू यादव, मुकेश मांडले, पवन महतेल, शिव निषाद, जीतेश धनकर, भूपेन्द्र रिगरि, प्रदीप ढीमर, भूपेन्द्र ढीमर, दासू ढीमर, शिव ढीमर, जगमोहन ढीमर,राजकुमार, गायत्री साहू, उत्तम चंद्राकर, राजू शर्मा, जगदेव साहू, हरीश देशमुख, नेहा साहू, देविका यादव, संतोष साहू, सत्रुघन साहू, पुनानंद देशमुख, त्रिलोक साहू, दुष्यंत देशमुख, नेतराम देशमुख, व बड़ी संख्या श्रद्धालु जन उपस्थित रहे।



### महाशिवरात्रि पर ठेकवाडीह में शिव-पार्वती प्रतिमा स्थापना की, भक्तिमय माहौल में हुई पूजा-अर्चना

**गुरूर।** ग्राम ठेकवाडीह में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर तालाब पार स्थित शिव मंदिर में भगवान शंकर एवं माता पार्वती की मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। पूजा सुबह 11 बजे पूणौत्तम साहू द्वारा मंत्रोंचार के साथ किया गया। जिसमें अधिक संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। यह प्रतिमा कमलेश्वरी साहू, चुलेंद्र साहू, डामिनी साहू, निधि साहू युग साहू की परिवार की ओर से की गई। महाशिवरात्रि के पर्व पर सुबह से ही भगवान शिव के मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर खोमेंद्र साहू, भाव सिंह ठाकुर, यशवंत शोरी, दमेश, गौरी ठाकुर सहित सदस्यों सहयोग रहा।



### अंचल में महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

- शिवालयों में दिनभर चला जलाभिषेक, हवन और रुद्राभिषेक

**अंडा।** महाशिवरात्रि पर्व पर दुर्ग ग्रामीण अंचल में शिवालयों में सुबह से देरात तक भक्तों का तांता लगा रहा। ग्राम अंडा सहित अन्य ग्राम में महादेव मंदिर में भी महाशिवरात्रि को लेकर विशेष अभिषेक, पूजन सहित भंडारे का आयोजन किया गया। ग्रामीण अंचलो के भक्त सुबह से यहां पहुंचे और पूजा अर्चना करते रहे। सुबह से शहर के विभिन्न शिवालयों में भी महाशिवरात्रि पर्व पर अनुष्ठान के कार्यक्रम संपन्न किए गए। इस दौरान जलाभिषेक सहित विभिन्न अनुष्ठानों का आयोजन दिनभर होता रहा। सुबह ब्रह्ममुहूर्त में अभिषेक पूजा के साथ पर्व की शुरूआत की गई। मंदिरों में हवन पूजन और विशेष श्रृंगार के बाद प्रसादी वितरण के साथ भंडारे का आयोजन दिनभर चलता रहा। ओम नमः शिवाय का अखंड जाप भी दिन भर चलता रहा। दोपहर शाम के बाद आखिर में रात्रि में अभिषेक पूजन किया गया। शहर के साथ ग्रामीण इलाकों में भी महाशिवरात्रि की धूम रही। ग्राम अंडा, विनायकपुर, आमटी, निकुम, भरदा, कुथरेल, जंजगिरी, चिंगरी, आछोटी, जैसे इलाकों के शिवालयों में सुबह से भोलेनाथ की पूजा शुरू हुई। सांकरा के महामाया मंदिर में जलाभिषेक का आयोजन हुआ सहित ग्रामीण अंचलो में महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाई गई।

### तिलखैरी में राष्ट्र जागरण पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, शिव अभिषेक और संस्कारों का आयोजन





- प्रथम दिवस निकली भव्य कलश शोभायात्रा, दीप प्रज्वलन से हुआ शुभारंभ

**गुरूर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम तिलखैरी में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में माताजी के जन्म शताब्दी 2026 एवं अखंड दीप के 100 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्र जागरण पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आयोजन किया गया। प्रवचनकर्ता शांतिकुंज प्रतिनिधि प्रज्ञा पुत्र आचार्य चम्पेश्वर प्रसाद साहू, लेख राम साहू, डॉ गोपाल साहू, डोमन साहू, अरुण कुमार साहू थे। प्रवचनकर्ता ने सभी संस्कारों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। प्रथम दिवस शोभा कलश यात्र निकाली गई। कलश यात्र शीतला मंदिर से दुर्गा मंदिर होते हुए बड़े तालाब पहुंचा जहा पूजा के लिए गया और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सभापति जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू, सभापति संचार संकर्म एवं निर्माण समिति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर, सभापति कृशि समिति जनपद पंचायत गुरुर नरेश कुमार साहू, यशवंत कुमार साहू, पंचशीला साहू, सरपंच धनराज साहू, ईश्वरलाल साहू, चंदा साहू, तुकाराम साहू, रेणुका साहू एवं समस्त पंचगण के हाथों से दीप प्रज्वलित किया गया।

द्वितीय दिवस पर हाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिव अभिषेक किया गया। गायत्री यज्ञ के मुख्य यजमान धनराज साहू, पंचशीला साहू, ईश्वर साहू, गिरजा साहू, चमन लाल साहू, लकेश्वरी साहू, रविंद्र कुमार, होमेश्वरी, यशवंत चैती, सुरेश, लेमीन, परमेश्वर, मंदाकिनी भट्ट थे। इस अवसर पर निःशुल्क पुसंवन संस्कार, मुंडन संस्कार, दीक्षा संस्कार, नामकरण संस्कार कराया गया। लक्ष्मी अशोक साहू ने कहा ऐसे आयोजन उज्जवल भविष्य का आधार बनती है। डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने कहा कि हमें अपने जीवन में कोई ना कोई गुरु अवश्य बनाना चाहिए, तब हमारा मुक्ति संभव है, गायत्री मंत्र में बहुत बड़ी शक्ति है, जो व्यक्ति गायत्री मंत्र का जाप करता है, व्यक्ति जीवन में बहुत आगे बढ़ता है, उन्होने सभी माता और बहनों से निवेदन किया कि अपने–अपने बच्चों को अच्छा शिक्षा और संस्कार दे और उनके भविष्य बनाएं और हमेशा यज्ञ कार्यक्रम मे भाग ले। इस अवसर पर रामू सिन्हा, शंकर लाल साहू, शालिक साहू, धनाराम साहू, पंचूराम निर्मलकर, जोहनी साहू एवं गायत्री परिवार एवं आदर्श बाल लीला मंडली, सरपंच, पंचगण, ग्रामवासी तिलखैरी के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ।



### महाशिवरात्रि पर जय जोगीमठ बाबा मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, लगा भव्य मेला

**बालोद/कलंगपुर।** महाशिवरात्रि पर्व पर शिव मंदिरों एवं शिवालयों में सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं व भक्तजनों की लंबी कतारें लगी रहीं। ग्राम कलंगपुर चारभांठा के मध्य स्थित धार्मिक एवं पावन धाम जय जोगीमठ बाबा मंदिर में सुबह से ही आस पास ग्रामों एवं दूरदराज से श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। यहां मंदिरों में पूजा अर्चना करने के पश्चात मंदिर प्रांगण में लगे भव्य मेला का आनंद उठाया। इस दौरान यहां के जय जोगीमठ जन सेवा समिति के द्वारा दोपहर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन रखा गया था।



### महाशिवरात्रि निकाली भव्य कलश शोभायात्रा

**गुरूर।** ग्राम फागुनदाह मे गोंडवाना समिति द्वारा महाशिवरात्रि पर विशेष पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें गांव की महिलाएं कलश लेकर गली में शोभायात्रा निकाली। इस दौरान समाज की छोटी बच्चीयों के साथ युवतीयां पारंपरिक छत्तीसगढ़ी परिधान में नजर आई।

### महाशिवरात्रि पर टेंगना बरपारा में धूमधाम से हुआ बूढ़ा देव पूजन और ध्वजारोहण



**गुरूर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर ग्राम टेंगना बरपारा में बाजे गाजे के साथ आदिवासी समाज के ग्रामीण महिलाओं के द्वारा मंदिर प्रांगण पर बूढ़ा देव की पूजा अर्चना कर सामाजिक ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात कलश यात्रा करते हुए दोनों ग्राम भ्रमण किया। जिसमें गांव के समस्त आदिवासी महिला पुरुष समाजिक परिधान ग्रहण कर भ्रमण किया। कार्यक्रम में कार्यवाहक अध्यक्ष विश्वानाथ ठाकुर, ग्रामीण समाजिक अध्यक्ष रामसिंह ठाकुर, सचिव सगेश्वर ठाकुर, युवराज मंडावी, शिव प्रसाद, मनोहर ठाकुर, भागवत ठाकुर, अनूप ठाकुर व बूढ़ा देव मंदिर पुजारी मकसूदन ठाकुर उपस्थित थे।

### शिवरात्रि पर जय मां दुर्गा महिला स्व-सहायता समूह ने चलाया स्वच्छता अभियान



**बालोद/कलंगपुर।** महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर जय मां दुर्गा महिला स्व सहायता समूह, बस स्टैंड पारा कलंगपुर के 20 सदस्यों वाली महिला समूह के द्वारा गांव के पुरैना तालाब के पार में स्थित शिव मंदिर परिसर एवं महिला घाट के आसपास की साफ, सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया। इस समूह की अध्यक्ष सारिका सिन्हा ने बताया कि जय मां दुर्गा महिला स्व–सहायता समूह विगत 11 वर्षों से निरंतर सक्रिय है एवं 12वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है।

यह 20 सदस्यीय महिला समूह सामाजिक, रचनात्मक एवं जनकल्याणकारी कार्यों में सदैव अग्रणी भूमिका निभा रही है। समूह द्वारा समय–समय पर स्वच्छता अभियान, सामाजिक सेवा, जन–जागरूकता कार्यक्रम तथा असामयिक निधन की स्थिति में पीड़ित परिवारों को सहायता राशि प्रदान कर सहयोग जैसे अनेक जनहित कार्य किए जाते रहे हैं एवं आगे भी यह सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे। इस दौरान सारिका सिन्हा, तुलसी ठाकुर, किरण जैन संहित समूह के सभी महिलाएं उपस्थित रहे।

**परमात्मा शिव पर हमें अपने अवगुणों को त्यागने एवं जीवन को आध्यात्मिक ऊर्जा देते है**

## महाशिवरात्रि पर शिव ध्वजारोहण, 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती मनाई गई







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में शिव ध्वजारोहण किया गया एवं 90 त्रिमूर्ति शिव जयंती मनाया गया।

ब्रह्माकुमारीज की मुख्य संचालिका बीके विजयलक्ष्मी दीदी ने माउंट आबू से ऑनलाइन महाशिवरात्रि की बधाई देते हुए कहा कि यह महान पर्व संपूर्ण भारतवर्ष में बहुत ही उमंग उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया जाता है, यह पर्व पिता परमात्मा के अवतरण का यादगार है, जब संसार में अज्ञानता का विकारों एवं पापों का अंधकार छा जाता है तब परमात्मा शिव अवतरित होकर सभी आत्माओं की ज्योति सत्य ज्ञान से जगाते हैं, इसलिए लोग इस दिन जागरण रखते हैं ताकि अपने अंदर के कड़े संस्कार, नकारात्मक विचार और बुराइयों को परमात्मा शिव में अर्पण करके जीवन में सुख, शांति की अनुभूति कर सके।

बीके सरिता दीदी ने कहा कि परमात्मा शिव पर हमें अपने अवगुणों को त्यागने एवं जीवन को आध्यात्मिक ऊर्जा से भरने का संकल्प लेना चाहिए जिससे हमारे जीवन में सुख शांति और समृद्धि का वरदान शिव पिता परमात्मा से प्राप्त होगा। गीता में वर्णित कलयुग के अंतिम चरण के रूप में वर्तमान समय को परिभाषित किया जब अज्ञानता का अंधकार मानव मन पर छाया हुआ है, ऐसे समय पर परमात्मा शिव प्रजापिता ब्रह्मा के माध्यम से सत्य ज्ञान और राजयोग की शिक्षा देकर इस अंधकारमय रात्रि को स्वर्णिम भारत में परिवर्तित कर रहे हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई, 22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411